नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण



4 रूसी तेल को लेकर भारत से तनातनी


5 देश में 12 साल में सबसे ज्यादा बारिश


8 भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित


9 ग्रामीण विकास में नाबार्ड का बड़ा निवेश


# राहुल को सुप्रीम फटकार

## सच्चे भारतीय होते तो ऐसा नहीं कहते, राहुल चीन के कब्जे का दें प्रमाण

**नयी दिल्ली,4 अगस्त. कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सेना और राष्ट्रीय सुरक्षा पर टिप्पणी करना महंगा पड़ गया है. सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उन्हें कड़ी फटकार लगाते हुए पूछा कि क्या आपके पास कोई प्रमाण है कि चीन ने भारत की 2000 वर्ग किलोमीटर जमीन कब्जा ली है? कोर्ट ने कहा कि इस तरह के संवेदनशील विषयों पर सोशल मीडिया या रैली में नहीं, बल्कि संसद में बात की जानी चाहिए.**

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि यदि आप सच्चे भारतीय हैं, तो सेना पर इस प्रकार की बयानबाजी नहीं करते. न्यायालय ने यह साफ किया कि सीमावर्ती तनाव के समय विपक्षी नेताओं की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है. गलवान घाटी में चीनी सेना के साथ झड़प दौरान राहुल गांधी के बयान के जवाब में तत्कालीन लद्दाख के उपराज्यपाल ब्रिगेडियर (रिटायर्ड) बीडी मिश्रा ने कहा था कि भारत की एक इंच जमीन पर



भी चीन का कब्जा नहीं है. 1962 में जो कुछ हुआ, उस पर बात करने से कोई फायदा नहीं है. आज सीमा की आखिरी इंच पर भी भारत का कब्जा है. भगवान न करें कि ऐसा हो, लेकिन अगर हालात बिगड़े तो हमारी सेना मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है.

राहुल गांधी के इन बयानों का लाभ उठाकर चीन और पाकिस्तान जैसे दुश्मन देश भारत विरोधी एजेंडा चलाते हैं. वे इन बयानों को प्रोपेगेंडा वीडियो में इस्तेमाल कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं.

### राहुल गांधी पर चल रहे 7 प्रमुख मामले

1. सारे चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है?
   **स्थान** : कर्नाटक (2019) दो साल की सजा, लोस सदस्यता गई
2. सावरकर ने अंग्रेजों से माफी मांगी थी
   **स्थान** : महाराष्ट्र (2022) दो एफआईआर, सुनवाई जारी
3. महात्मा गांधी की हत्या आरएसएस ने करवाई
   **स्थान** : महाराष्ट्र (2014) सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगी
4. आरएसएस ने मंदिर में नहीं घुसने दिया
   **स्थान** : असम (2015) गुवाहाटी कोर्ट में सुनवाई
5. गौरी लंकेश की हत्या के पीछे आरएसएस
   **स्थान** : महाराष्ट्र (2017) ठाणे कोर्ट में समन जारी
6. हत्या का आरोपी भाजपा प्रमुख अमित शाह
   **स्थान** : जबलपुर (2019) रांची व अहमदाबाद में मुकदमे, जमानत पर
7. अमित शाह की बैंक ने काला धन सफेद किया
   **स्थान** : अहमदाबाद (2018)

### राहुल गांधी गैर-जिम्मेदाराना बयान देना बंद करें : रिजिजू

इसी बीच रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी को इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियां करना बंद करना चाहिए, जो देश की सुरक्षा और सेना के मनोबल के लिए गंभीर नुकसानदायक हैं. पत्रकारों से बातचीत में रिजिजू ने कहा, राहुल गांधी का यह दावा कि चीन ने भारत की 2,000 वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लिया है, पूरी तरह से बेबुनियाद है. इस बीच, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का समर्थन किया और राहुल गांधी पर देशहितों के खिलाफ बयानबाजी का आरोप लगाया.

# इंग्लैंड के जबड़े से छीनी जीत

**09** विकेट लेकर मो. सिराज प्लेयर ऑफ द मैच बने

**04** विकेट गिरे एक घंटे में

**लंदन, 04 अगस्त. भारत ने केंनिग्टन ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट में जीती हुई बाजी भारत ने इंग्लैंड के जबड़े से छीन ली और पांच मैचों की सीरीज को 2-2 से बराबरी पर खत्म किया. मोहम्मद सिराज की शानदार गेंदबाजी और यशस्वी जायसवाल की उम्दा बल्लेबाजी ने भारत को इस ऐतिहासिक जीत तक पहुंचाया.**

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम पहली पारी में केवल 224 रन बना सकी. करुण नायर ने 57 रन की अहम पारी खेली, लेकिन टीम सम्मानजनक स्कोर तक नहीं पहुंच पाई. इंग्लैंड के लिए गस एटकिंसन ने पांच और जोश टंग ने तीन विकेट लिए. जवाब में इंग्लैंड ने 247 रन बनाकर 23 रन की




मामूली बढ़त हासिल की. जैक क्रॉली (64) और हैरी ब्रूक (53) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया, जबकि भारत के लिए सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने चार-चार विकेट चटकाए. दूसरी पारी में भारत ने 70 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे, लेकिन जायसवाल (118) और आकाश दीप (66) ने तीसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला. रवींद्र जडेजा (53) और वाशिंगटन सुंदर (53) के अर्धशतकों की मदद से भारत ने 396 रन बनाए, इंग्लैंड के लिए जोश टंग ने पांच, गस एटकिंसन ने तीन और जेमी ओवरटन ने दो विकेट लिए. इंग्लैंड को जीत के लिए 374 रन का लक्ष्य मिला.

> कप्तान ओली पोप (27) के आउट होने के बाद जो रूट (105) और हैरी ब्रूक (111) ने चौथे विकेट के लिए 195 रन की साझेदारी कर इंग्लैंड को जीत के करीब पहुंचाया. लेकिन प्रसिद्ध कृष्णा और सिराज ने महत्वपूर्ण विकेट निकालकर भारत को वापसी दिलाई. मैच के अंतिम दिन इंग्लैंड को 35 रन चाहिए थे, लेकिन सिराज ने जेमी स्मिथ (2) और गस एटकिंसन (17) के विकेट लेकर इंग्लैंड को 367 रन पर समेट दिया. सिराज ने 5/104 के आंकड़े के साथ भारत को टेस्ट इतिहास की सबसे करीबी जीत दिलाई.

## एक नजर में



### अब हर बटालियन में होगी ड्रोन फोर्स

**नयी दिल्ली.** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय सेना ने अपनी रणनीति में बड़ा बदलाव किया है. अब सेना सिर्फ पारंपरिक नहीं बल्कि मॉडर्न युद्ध के लिए भी खुद को तैयार कर रही है. सेना की योजना है कि प्रत्येक बटालियन स्तर पर ड्रोन और काउंटर ड्रोन ऑपरेशन के लिए विशेष टीमें बनाई जाएं. सूत्रों के अनुसार, सेना लाइट कमांडो बटालियन नाम से एक नई फोर्स तैयार कर रही है, जिसे भैरव कहा जाएगा. इसमें लगभग 250 सैनिक होंगे, जो दुश्मन देशों से आने वाले ड्रोन को नष्ट करेंगे और जवाबी हमला भी कर सकेंगे. सेना 30 ऐसी भैरव बटालियन तैयार कर रही है.

### कुलगाम मुठभेड़ चौथे दिन भी जारी

**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में अखल खुलसन के घने जंगलों में छिपे आतंकवादियों को खदेड़ने के लिए चल रहा सुरक्षा बलों का अभियान सोमवार को चौथे दिन में प्रवेश कर गया. इस अभियान में अभी तक दो आतंकवादी मारे जा चुके हैं जबकि तीन जवान घायल हुए हैं. अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों को इस जंगल में चार से पाँच आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिली थी. इसके बाद एक अगस्त की शाम को आतंकवादियों को तलाशने की कार्रवाई शुरू कर दी गई. आतंकवादियों की भीषण गोलीबारी के बाद भी पिछले 72 घंटों से इस अभियान को चलाया जा रहा है.

### मणिपुर में सात उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल.** मणिपुर में पुलिस और सुरक्षाकर्मियों ने कई जिलों में रविवार को चलाए सुरक्षा अभियान में एक प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के विभिन्न गुटों से जुड़े सात सक्रिय उग्रवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की. पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि यह कार्रवाई इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम और बिष्णुपुर जिलों में समन्वित ढंग से की गईं. ये गिरफ्तारियाँ जबरन वसूली, अपहरण, गोलीबारी की घटना और अवैध हथियार व गोला-बारूद रखने सहित विभिन्न आपराधिक गतिविधियों के सिलसिले में की गईं.

### फर्जी पुलिस अफसर बन की 57 लाख की ठगी

**बिलासपुर.** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में साइबर ठगी का चौंकाने वाला मामला सामने आया है. खुद को मुंबई पुलिस का अफसर बताकर एक ठग ने बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट की धमकी दी और दो दिनों तक मानसिक दबाव बनाकर 57 लाख रुपये ठग लिए. पूरा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार पीड़ित बुजुर्ग को एक अज्ञात नंबर से कॉल आया. कॉलर ने खुद को मुंबई पुलिस का अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके बैंक खाते करोड़ों रुपए के फर्जी लेन-देन में इस्तेमाल हुए हैं. आरोपी ने झूठे केस में फंसाने और गिरफ्तारी की धमकी देते हुए कहा कि यदि कार्रवाई से बचना है, तो अपनी बैंक राशि सुरक्षित जांच खाते में ट्रांसफर करनी होगी.

# सीएम की मौजूदगी में दो एमओयू

## एमओयू का उद्देश्य तीनों संस्थानों द्वारा ग्रामों का सतत् विकास

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 4 अगस्त. मुख्यमंत्री एवं म.प्र. जन अभियान परिषद के अध्यक्ष डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में सोमवार को दो अलग-अलग विषयों से जुड़े एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए. मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में एक संक्षिप्त कार्यक्रम में हुए इन एमओयूस को हस्ताक्षरित कर संबंधित पक्षों द्वारा आदान-प्रदान किया गया.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी पक्षों को बधाई देते हुए कहा कि हम सब मिलकर प्रदेश के विकास के लिए काम करेंगे. पहला त्रिपक्षीय एमओयू राज्य आनंद संस्थान, भोपाल, दीनदयाल शोध संस्थान, चित्रकूट एवं मप्र जन अभियान परिषद, भोपाल के मध्य हुआ. इस एमओयू का उद्देश्य तीनों संस्थानों द्वारा आपसी प्रशिक्षण के जरिए प्रदेश में आनंद ग्रामों के विकास तथा सतत् विकास के लक्ष्य पर आधारित ग्राम विकास अवधारणा के क्रियान्वयन की साझा पहल करना है. दूसरा द्विपक्षीय एमओयू म.प्र. जनअभियान परिषद, भोपाल और नर्मदा समग्र, भोपाल के बीच हुआ. इस एमओयू का उद्देश्य दोनों संस्थानों द्वारा मप्र में नदी संरक्षण से जुड़े विविध आयामों पर नागरिकों की मन:स्थिति और वर्तमान परिस्थिति बदलने के लिए साझा प्रयास करना है.

# वैन पलटने से पांच श्रद्धालुओं की मौत

**भागलपुर, 04 अगस्त.** बिहार में भागलपुर जिले के शाहकुंड थाना क्षेत्र में एक डीजे पिकअप वैन के सड़क किनारे गड्ढे में पलट जाने से पांच श्रद्धालुओं की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए. भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने सोमवार को यहां बताया कि पिकअप वैन में सवार नौ श्रद्धालु सुल्तानगंज से जल लेकर बांका जिले के ज्येष्ठनाथ धाम मंदिर जा रहे थे, रास्ते में महंथ बाबा स्थान के पास सड़क पर बिजली के तार के संपर्क में पिकअप वैन आ गया.उन्होंने बताया कि बिजली के झटके से गाड़ी के चालक द्वारा अपना नियंत्रण खो देने की वजह से पिकअप वैन सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया.

# झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन का निधन

**रांची, 04अगस्त. झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक शिबू सोरेन के निधन के बाद पूरे राज्य में शोक की लहर है. उनका पार्थिव शरीर सोमवार शाम पांच से छह बजे के बीच रांची लाया गया. अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव झारखंड के रामगढ़ जिले के नेमरा में आज (5 अगस्त) को दोपहर 3 बजे किया जाएगा.**

इससे पहले नई दिल्ली में सर गंगा राम अस्पताल पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्थिव शरीर पर पुष्प कर श्रद्धांजलि दी. उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात भी की. हेमंत सोरेन



पीएम से मिलने के बाद भावुक हो गए और आंसू नहीं रोक पाए. उसी दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को गंगा राम अस्पताल जाकर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. जिसके लिए वे सदैव याद किए जाएंगे. वहीं साथ ही राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासी समुदाय की सशक्त आवाज रहे सोरेन ने अपना जीवन उनके अधिकारों और हकों के लिए संघर्ष में खपा दिया. खरगे ने लिखा कि उन्होंने अपना जीवन जल, जंगल और जमीन पर लोगों के अधिकारों और आदिवासी संस्कृति के संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया.

> राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया के एक्स प्लेटफॉर्म पर लिखा कि सोरेन का निधन सामाजिक न्याय के क्षेत्र की एक बड़ी क्षति है. उन्होंने आदिवासी अस्मिता और झारखंड राज्य बनाने के लिए संघर्ष किया. आदिवासी समुदायों के कल्याण में उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा.
>
> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. दुख की इस घड़ी में उनके परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं. उनका पूरा जीवन जनजातीय समाज के कल्याण के लिए समर्पित रहा.

# अतिवृष्टि से हुए नुकसान की होगी भरपाई : डॉ. यादव

## सीएम एवं केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने किया गुना व शिवपुरी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

**गुना/शिवपुरी, 04 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अतिवृष्टि व बाढ़ से जनता को हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी. कोई चिंता न करें, सरकार आपके साथ है. प्रत्येक प्रभावित परिवार का सर्वे कराकर क्षतिपूर्ति की जाए. सरकार द्वारा 'डीबीटी प्रणाली' के माध्यम से सहायता राशि सीधे प्रभावितों के खातों में पहुंचाई जाएगी.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को गुना व शिवपुरी में बाढ़, अति वर्षा प्रभावित क्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान यह बात कही.



उन्होंने जिले के विभिन्न वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा भी की. इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी उपस्थित रहे. मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री ने कैंट क्षेत्र, पटेल नगर में घर-घर जाकर प्रभावित नागरिकों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने न्यू टेकरी रोड स्थित पवन कॉलोनी पहुँचकर वर्षा से प्रभावित परिवारों से भेंट कर हालात जाने.

> मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रभावित नागरिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि शासन हर हाल में उनके साथ है, किसी भी प्रकार की कठिनाई में उन्हें अकेला नहीं छोड़ा जाएगा. उन्होंने सभी बहनों का रक्षाबंधन के साथ स्वागत करने पर आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर बहनों ने राखी बांधकर मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया. इस दौरान विधायक पन्नालाल शाक्य, देवेन्द्र जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविन्द सिंह धाकड़, पूर्व मंत्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया, पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह सलूजा, संभाग आयुक्त ग्वालियर मनोज खत्री, आईजी अरविन्द सक्सेना, शिवपुरी के भाजपा अध्यक्ष जसमंत जाटव सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.

# रूस से तेल न खरीदे भारत : ट्रम्प

## तेल खरीद को लेकर भारत को अमेरिकी राष्ट्रपति ने दी धमकी

**वॉशिंगटन/नई दिल्ली. अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और रूस के बीच बढ़ती ऊर्जा साझेदारी पर नाराजगी जताते हुए भारत पर टैरिफ में भारी वृद्धि की चेतावनी दी है. सोमवार को ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए आरोप लगाया कि भारत रूस से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल खरीद रहा है और उसे भारी मुनाफे पर वैश्विक बाजार में बेच रहा है.**

ट्रंप ने लिखा, भारत को इस बात की परवाह नहीं कि यूक्रेन में रूस की सैन्य कार्रवाई से कितने लोगों की जान जा रही है. इसलिए मैं भारत से आने वाले सामान पर भारी टैरिफ लगाने की योजना बना रहा हूं. ट्रंप पहले भी भारत-रूस की बढ़ती नजदीकियों पर तीखी टिप्पणियां कर चुके हैं.



उन्होंने हाल ही में ब्रिक्स संगठन पर तंज कसते हुए कहा था कि ये देश अपनी मरी हुई अर्थव्यवस्थाओं के साथ मिलकर डूब सकते हैं. ट्रंप के इन बयानों को अमेरिका की पारंपरिक रणनीति से अलग माना जा रहा है, जिसमें भारत को चीन के मुकाबले एक महत्वपूर्ण सहयोगी माना जाता रहा है. जानकारों का मानना है कि ट्रंप रूस पर दबाव बनाने के लिए भारत को निशाने पर ले रहे हैं.

**श्रद्धा** महाकाल उमा-महेश स्वरूप में निकले नगर भ्रमण पर, भादौ में 11 और 18 अगस्त को निकलेगी अगली सवारी

# श्रावण की अंतिम सवारी में उमड़ा आस्था का सैलाब

**उज्जैन,04 अगस्त। श्रावण मास की अंतिम सवारी सोमवार को भव्य रूप में निकली। भगवान महाकाल नंदी के रथ पर उमा-महेश रूप में नगर भ्रमण पर निकले। सवारी में शामिल होने के लिए लाखों श्रद्धालु उज्जैन पहुंचे। शाम चार बजे मंदिर में पूजन के बाद सवारी शुरू हुई। राजाधिराज को जवानों ने सलामी दी।**

आगे-आगे नगर की भजन मंडलियां, पीछे घुड़सवार दल, पुलिस बैंड, सशस्त्र जवान और हाथी-घोड़े शामिल रहे। चांदी की पालकी में महाकाल और गरुड़



रथ पर शिव तांडव के दर्शन भी हुए। इस बार का मुख्य आकर्षण नंदी रथ पर उमा-महेश रूप में भगवान महाकाल के दर्शन। सवारी महाकाल चौराहा, गुदरी, बक्षी बाजार, कहारवाड़ी, रामघाट होते हुए मंदिर पर समाप्त हुई। रामघाट पर शिप्रा जल से भगवान का अभिषेक हुआ।

> **पर्यटन झांकियां और जनजातीय प्रस्तुति रही खास**
>
> सवारी में धार्मिक, ऐतिहासिक और ग्रामीण पर्यटन से जुड़ी झांकियां शामिल की गईं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप कार्यक्रम को सांस्कृतिक रूप देने के लिए जनजातीय कलाकारों ने शिप्रा तट पर प्रस्तुति दी, जिसे श्रद्धालुओं ने सराहा। सवारी का फेसबुक पेज और चलित एलईडी रथ पर सीधा प्रसारण किया गया। इसके अलावा शहर के कई स्थानों फीगंज, दत्त अखाड़ा, नानाखेड़ा में एलईडी स्क्रीन लगाई गईं.

# सत्येंद्र जैन को क्लीन चिट

## दिल्ली कोर्ट ने भ्रष्टाचार का मामला किया बंद

**नई दिल्ली, 4 अगस्त. आप पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व लोक निर्माण मंत्री सत्येंद्र जैन को दिल्ली की एक विशेष न्यायालय से बड़ी राहत मिली है. न्यायालय ने उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले को यह कहते हुए बंद कर दिया कि सीबीआई को चार वर्षों की विस्तृत जांच के बाद भी उनके विरुद्ध कोई ठोस प्रमाण नहीं मिला है.**

सोमवार को राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश विनय सिंह ने सीबीआई द्वारा प्रस्तुत मामला समाप्ति प्रतिवेदन को स्वीकार करते हुए कहा कि केवल संदेह के आधार पर किसी व्यक्ति को अभियुक्त नहीं ठहराया जा



सकता. न्यायालय ने स्पष्ट किया, कानून यह कहता है कि संदेह, प्रमाण का स्थान नहीं ले सकता. यदि आरोप सिद्ध करने के लिए कोई सशक्त प्रमाण उपलब्ध नहीं है, तो कार्यवाही आगे नहीं बढ़ाई जा सकती. मामला वर्ष 2019 में दर्ज हुआ था जब सतर्कता विभाग की शिकायत पर सत्येंद्र जैन के विरुद्ध प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई.